**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2141

उत्तर देने की तारीख: 02.12.2019

**विद्यालयों में सुविधाएं**

**†2141. डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीतः**

**श्री विनायक भाऊराव राऊतः**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**

**श्री हेमन्त पाटिलः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान केन्द्रीय विद्यालयों में आधारभूत अवसंरचना के विकास हेतु जारी निधि का राज्य-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास आधारभूत अवसंरचना के लिए जारी निधि के समुचित उपयोग की जांच हेतु कोई तंत्र स्थापित किया गया है और यदि हां, तो क्या सरकार ने धनराशि का उपयोग करने में विफल रहने वाले या धनराशि का उपयोग करने के पश्चात कार्य करने में असमर्थ रहने वाले प्रधानाचार्यों के विरुद्ध राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कार्रवाई की है;

(ग) क्या अधिकतर केन्द्रीय विद्यालयों में बालिकाओं हेतु शौचालय की दशा अच्छी नहीं है जिसके कारण बालिकाओं को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) : भारत सरकार केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को राज्य वार धनराशि आवंटित नहीं करती है। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केवीएस को अलग से कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केंद्रीय विद्यालयों (केवी) में बुनियादी ढांचे के लिए जारी की गई धनराशि का विवरण संलग्न है।

(ख) : विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे सीपीडब्ल्यूडी, एमईएस, रेलवे, राज्य पीडब्लूडी, अन्य केंद्रीय / राज्य सार्वजनिक उपक्रमों आदि के माध्यम से डिपाजिट वर्क सिस्टम के अनुसार निर्माण कार्य निष्पादित किए

जाते हैं। निर्माण एजेंसी से, तस्वीरों के साथ भौतिक और वित्तीय रिपोर्ट प्रधानाचार्य के माध्यम से प्राप्त होने के बाद धनराशि जारी की जाती है। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी) द्वारा हर महीने विद्यालय स्तर पर कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की जाती है।

(ग) और (घ) : सभी केन्द्रीय विद्यालयों में लड़के और लड़कियों के लिए अलग शौचालय अच्छी स्थिति में उपलब्ध हैं

*****

**संलग्नक**

**'विद्यालयों में सुविधाएं' के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. हिना विजयकुमार गावीत, श्री विनायक भाऊराव राऊत, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और श्री हेमन्त पाटिल द्वारा दिनांक 02.12.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 2141 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक**

**पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केंद्रीय विद्यालयों (केवी) में बुनियादी ढांचे के लिए जारी की गई धनराशि का विवरण**

**रू. लाख में**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों के नाम | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 614.51 | 1395.14 | 359.19 | 0.00 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 979.00 | 2830.00 | 100.00 | 41.41 |
| 3 | असम | 2837.66 | 3976.64 | 474.50 | 200.00 |
| 4 | बिहार | 1490.00 | 4420.00 | 1020.00 | 0.00 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1168.21 | 3710.99 | 1642.36 | 277.56 |
| 6 | दिल्ली | 1412.66 | 1819.12 | 1246.62 | 436.00 |
| 7 | दमन और दीव | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 0.00 |
| 8 | दादर और नगर हवेली | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 0.00 |
| 9 | गुजरात | 1039.35 | 1620.00 | 744.27 | 3.46 |
| 10 | हरियाणा | 1028.01 | 2187.12 | 960.00 | 400.00 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 424.00 | 331.45 | 217.97 | 219.80 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 1302.01 | 2100.00 | 1221.27 | 102.32 |
| 13 | झारखंड | 1845.00 | 1510.00 | 80.00 | 0.00 |
| 14 | कर्नाटक | 3134.64 | 5067.14 | 958.86 | 203.90 |
| 15 | केरल | 4270.00 | 4996.73 | 1812.00 | 600.00 |
| 16 | लद्दाख | 400.00 | 520.00 | 0.00 | 0.00 |
| 17 | लक्षद्वीप | 600.00 | 400.00 | 500.00 | 0.00 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 4833.04 | 6807.92 | 3590.00 | 816.76 |
| 19 | महाराष्ट्र | 911.59 | 3247.51 | 395.38 | 300.00 |
| 20 | मणिपुर | 30.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 21 | मिजोरम | 600.00 | 2040.00 | 0.00 | 0.00 |
| 22 | नागालैंड | 0.00 | 1.79 | 0.00 | 0.00 |
| 23 | ओडिशा | 2536.97 | 3157.79 | 2280.00 | 700.00 |
| 24 | पंजाब | 2412.00 | 1703.81 | 624.00 | 0.00 |
| 25 | पांडिचेरी | 210.09 | 416.33 | 200.00 | 0.00 |
| 26 | राजस्थान | 1600.00 | 2515.03 | 1463.20 | 901.00 |
| 27 | तमिलनाडु | 853.03 | 1290.00 | 716.55 | 400.00 |
| 28 | तेलंगाना | 1200.00 | 1107.55 | 586.87 | 100.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | उत्तर प्रदेश | 6398.14 | 3615.33 | 1978.67 | 2183.16 |
| 30 | उत्तराखंड | 2292.81 | 2520.91 | 399.72 | 265.41 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 1527.75 | 2146.58 | 1050.00 | 0.00 |
| **कुल** | | **47950.47** | **67454.89** | **24661.43** | **8150.78** |

*****